# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2022-23 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VII | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 22/09/22 | SET: ONE | Time: 2.30 hours |

*General Instructions-*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 21 questions divided into 4 Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of 04 printed pages.*

---

## खंड–क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1- **दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 6×1=6

मनुष्य की विशेषता उसके चरित्र में है। चरित्र के कारण ही एक मनुष्य दूसरे से अधिक आदरणीय समझा जाता है। विद्या का मान सज्जन तभी करते है जब विद्यावान विनय एवं चरित्र से युक्त हो। विद्या, बल तथा पद होते हुए भी रावण अपने राक्षसी कर्म के कारण निंदनीय था। रावण विद्वान होने पर भी वंदनीय नहीं बन पाया। मनुष्य का मूल्य उसके चरित्र में है। विनय, उदारता, लालच में न पड़ना, धैर्य, सत्य भाषण, वचन का प्रतिपालन करना और कर्तव्य परायण होना ये सब गुण चरित्र में आते है।

1. मनुष्य की विशेषता किसमें है?
   (क) उसके पद में (ख) उसके धन में
   (ग) उसके अच्छे विचारों में (घ) उसके चरित्र में
2. मनुष्य का आदर किन कारणों से होता है?
   (क) चरित्र के कारण (ख) पद के कारण
   (ग) विचार के कारण (घ) तीनों विकल्प सही है
3. रावण निंदनीय क्यों था?
   (क) विद्या के कारण (ख) बल के कारण
   (ग) पद के कारण (घ) राक्षसी कर्म के कारण
4. कौन विद्वान होने पर भी वंदनीय नहीं बन पाया था?
   (क) रावण (ख) राक्षसी
   (ग) सज्जन (घ) मनुष्य
5. चरित्र में कौन-कौन से गुण आते है?
   (क) विनय और उदारता (ख) धैर्य और सत्य
   (ग) कर्तव्य (घ) उपरोक्त सभी
6. इस गद्यांश का उचित शीर्षक (Title) क्या होगा ?
   (क) मनुष्य का चरित्र (ख) धैर्य और सत्य
   (ग) कर्तव्य (घ) विद्या

## खंड–ख (व्याकरण)

प्रश्न 2- किन्हीं दो शब्दों के लिंग बदलिए - पाठक , साधु अध्यापक 2

प्रश्न 3- किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - अंधकार , तीव्र , चेतन 2

प्रश्न 4- किन्हीं दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए - सफल , प्रभु , कायर 2

प्रश्न 5- किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए --आनंद , गगन , आँख 2

प्रश्न 6- किन्हीं दो शब्दों के वचन बदलिए - रसगुल्ला , तस्वीर , विधि 2

प्रश्न 7- किन्हीं दो उपसर्ग शब्दों के शब्द के दो-दो शब्द लिखिए- आ , उप , अव 2

प्रश्न 8- दिए गए शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए| 2

ईमानदार , समझदार , दयावान , धनवान

प्रश्न 9- किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए| 2

जिसका पता न हो , जिसका आदि न हो , जो बात पहले कही न हो

प्रश्न 10- दिए गए मुहावरों में से किसी एक का वाक्य बनाकर लिखिए| 2

कानाफूसी करना , मुँह में पानी आना , अंधे की लकड़ी

प्रश्न 11- नीचे लिखे वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए| 2

1. बिस्तर -------- बिल्ली बैठी है|
2. अजय कलम --------- लिखता है|

प्रश्न 12- नीचे लिखे वाक्यों में से उचित सर्वनाम छाँटकर लिखिए| 2

1. कल नानी के घर कौन जाएगा?
2. रमा किताब में कुछ लिख रही है|

प्रश्न 13- नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध कीजिए| 2

1. रमा को काटकर आम खिलाओ|
2. दूध में कौन गिर गया?

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 14- **दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** 4×1=4

हम पंछी उन्मुक्त गगन के, पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक-तीलियों से टकराकर, पुलकित पंख टूट जाएँगे।
हम बहता जल पीनेवाले, मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी, कनक-कटोरी की मैदा से।

प्रश्न-1 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कवि का क्या नाम है।
प्रश्न-2 पिंजरे में रहकर पक्षी क्या नहीं कर पाएँगे ।
प्रश्न-3 उनके पंख किस से टकराकर टूट जाएँगे।
प्रश्न-4 पक्षियों को आज़ाद रहकर पेड़ों से क्या खाना पसंद है।

प्रश्न 15- **दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** 4×1=4

पिछले दस-पंद्रह वर्षों से हमारी खानपान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है। इडली-डोसा-बड़ा-साँभर-रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं हैं। ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध हैं और अब तो उत्तर भारत की 'ढाबा' संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है। अब आप कहीं भी हों, उत्तर भारतीय रोटी-दाल-साग आपको मिल ही जाएँगे 'फ़ास्ट फूड' (तुरंत भोजन) का चलन भी बड़े शहरों में खूब बढ़ा है। इस 'फ़ास्ट फ़ूड' में बर्गर, नूडल्स जैसी कई चीजें शामिल हैं। एक ज़माने में कुछ ही लोगों तक सीमित 'चाइनीज़ नूडल्स' अब संभवतः किसी के लिए अजनबी नहीं रहें।

प्रश्न-1 खान-पान की संस्कृति में बदलाव कितने वर्षों में आया।
प्रश्न-2 दक्षिण भारत तक अब क्या सीमित नहीं रह गया हैं?
प्रश्न-3 लगभग पूरे देश में अब कौन-सी संस्कृति फैल चुकी है?
प्रश्न-4 अब कौन-सी चीज़ किसी के लिए अजनबी नहीं रही?

प्रश्न 16- किन्हीं 8 प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए| 8×1=8

प्रश्न-1 तिनका कहाँ से उड़ कर आया था?
प्रश्न-2 कवि छत पर किस भाव से खड़ा था?
प्रश्न-3 चुन्नू और मुन्नू ने कौन-सा खिलौना ख़रीदा?
प्रश्न-4 खिलौने देखकर बच्चों को कैसा लगता है?
प्रश्न-5 मथुरा-आगरा के कौन-से व्यंजन प्रसिद्ध हैं?
प्रश्न-6 खानपान की बदलती संस्कृति ने किसे अधिक प्रभावित किया है?
प्रश्न-7 पक्षी कैसा जल पीना चाहते हैं?
प्रश्न-8 यासुकी-चान किस बीमारी से पीड़ित था?
प्रश्न-9 तोत्तोचान- की क्या इच्छा थी?

प्रश्न 17- किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए| 5×2=10

प्रश्न-1 आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

प्रश्न-2 मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

प्रश्न-3 खिलौनेवाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

प्रश्न-4 खानपान की मिश्रित संस्कृति ने हमें किसका मौका दिया है?

प्रश्न-5 पक्षी पेड़ों पर क्या करना चाहते हैं?

प्रश्न-6 इस कविता के माध्यम से पंछी क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्रश्न-7 यासुकी-चान किसी पेड़ को अपनी निजी संपत्ति क्यों नहीं मानता था?

प्रश्न 18- किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए| 3×3=9

प्रश्न-1 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

प्रश्न-2 मिठाईवाले में वे कौन-से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खींचे चले आते थे?

प्रश्न-3 हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

प्रश्न-4 खानपान की संस्कृति का 'राष्ट्रीय एकता' में क्या योगदान है?

प्रश्न-5 विकलांगों के प्रति हमारी सोच कैसी होनी चाहिए? (मूल्यपरक प्रश्न)

## खंड-घ (लेखन कार्य)

प्रश्न 19- विद्यालय से घर लौटने के बाद 'माँ और बेटी' के बीच संवाद लिखिए| 5

या

परीक्षा की तैयारी के लिए 'दो मित्रों' के बीच संवाद लिखिए|

प्रश्न 20- **'पतंजलि हर्बल शैम्पू'** पर एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए| 5

या

'**वाशिंग पाउडर निरमा'** कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 21- अपनी सहेली/अपने मित्र को उसके जन्म दिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए। 5

या

परीक्षा में प्रथम स्थान पाने पर छोटे भाई को बधाई पत्र लिखिए।

*************************************